2025

HINDI — MINOR

Paper : MN-4

(Hindi Kahani)

Full Marks : 75

The figures in the margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

(हिंदी कहानी)

1. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** गद्यांशों का ससन्दर्भ व्याख्या कीजिए : 10×3

(क) "मृत्यु के कुछ समय पहले स्मृति बहुत साफ हो जाती है। जन्म-भर की घटनाएँ एक-एक करके सामने आती हैं। सारे दृश्यों के रंग साफ होते हैं। समय की धुँध बिलकुल उन पर से हट जाती है।"

(ख) "खून का वह आखिरी कतरा जो वतन की हिफाजत में गिरे दुनिया की सबसे अनमोल चीज़ है।"

(ग) "मैं कभी-कभी सोचता हूँ, इन्सान जिंदा किसलिए रहता है– क्या उसे कोई और बेहतर काम करने को नहीं मिलता? हजारों मील अपने मुल्क से दूर मैं यहाँ पड़ा हूँ – यहाँ कौन मुझे जानता है ... यहीं शायद मर भी जाऊँगा। ह्यूबर्ट, क्या तुमने कभी महसूस किया है कि एक अजनबी की हैसियत से पराई जमीन पर जाना काफी खौफ़नाक बात है ...?"

(घ) "उसको उम्मीद हुई कि किसी भी समय दूर या पास से कोई आवाज अकस्मात उठ आयेगी, घड़ी टनटना जायेगी या किसी दौड़ती हुई ट्रक का तेज लंबा हार्न बज उठेगा और शहर का मरा हुआ आभास पुनः जीवित हो जायेगा। पूरा शहर कभी नहीं सोता या मरता।"

(ङ) "हिरामन को लगा, किसी ने आसमान से धकेलकर धरती पर गिरा दिया। किसी ने क्यों, इस बक्सा ढोने वाले आदमी ने। कहाँ से आ गया? उसकी जीभ पर आई हुई बात जीभ पर ही रह गई ... इस्स! दच्छिना! वह चुपचाप खड़ा रहा।"

2. निम्नलिखित में से किन्हीं ***तीन*** आलोचनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 12×3

(क) कहानी-कला की दृष्टि से 'गुण्डा' कहानी की समीक्षा कीजिए।

(ख) 'पिता' कहानी की मूल-संवेदना पर विचार कीजिए।

(ग) 'बदला' कहानी के शीर्षक की सार्थकता पर विचार करते हुए इसका उद्देश्य बताइए।

(घ) 'डिप्टी कलक्टरी' कहानी के आधार पर मध्यवर्गीय आकांक्षाओं और विडंबनाओं पर प्रकाश डालिए।

(ङ) "टेपचू' मजदूर वर्ग की अपराजेय आस्था की कहानी है।" — स्पष्ट कीजिए।

Please Turn Over

3. निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1×9

(क) प्रेमचंद का जन्म कहाँ हुआ था?

(ख) 'तमस' उपन्यास के किसी एक पात्र का नाम लिखिए।

(ग) 'दिलो-दानिश' किसकी प्रमुख रचना है?

(घ) 'हार की जीत' कहानी के किसी एक पात्र का नाम बताइए।

(ङ) 'मिस पाल' के रचनाकार कौन हैं?

(च) जयशंकर प्रसाद का सम्बंध किस युग से है?

(छ) 'जैनब' किस कहानी की पात्र है?

(ज) 'मेरी माँ कहाँ' कहानी के रचनाकार का नाम लिखिए।

(झ) 'उसने कहा था' कहानी का प्रकाशन वर्ष बताइए।